बेगूसराय के दो रेलवे स्टेशनों का होगा आधुनिकीकरण

चर्चा में क्यों?

2 जनवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिये 'अमृत भारत स्टेशन योजना' नाम से एक नयी नीति तैयार की है, जिसमें सोनपुर मंडल द्वारा चयनित 15 स्टेशनों की सूची में बिहार के बेगूसराय के दो स्टेशनों को शामिल किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत बिहार के बरौनी-कटिहार रेलखंड पर स्थित लखमिनियाँ एवं साहेबपुर कमाल स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किया जाएगा, जिन्हें विभिन्न प्रकार की उच्च क्षमता वाले नयी सुविधाओं की उपलब्धता के साथ-साथ पहले से मौजूद सुविधाओं को भी उन्नत किया जाएगा।
- जानकारी के अनुसार रेल मंत्रालय ने आने वाले वर्ष में एक हजार से अधिक छोटे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिये नयी योजना विकसित की है। यह योजना रेल मंत्रालय के स्टेशन पुन:विकास अभियान और अमृत भारत स्टेशन योजना का हिस्सा होगी।
- योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों की मास्टर प्लान तैयार करना और सुविधाओं को बढ़ाने के लिये विभिन्न चरणों में मास्टर प्लान का कार्यान्वयन करना है।
- स्टेशन पर नयी सुविधाओं की शुरूआत के साथ ही पुरानी सुविधाओं को भी इस योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।
- इस योजना के तहत विभिन्न ग्रेड के प्रतीक्षालय को क्लब करने का प्रयास किया जाएगा और जहाँ तक संभव हो सकेगा अच्छा कैफेटेरिया और खुदरा सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। सभी श्रेणियों के स्टेशनों पर उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म (760-840 एमएम) बनाए जायेंगे तथा प्लेटफार्मों की लंबाई आम तौर पर छह सौ मीटर की होगी। स्टेशन पर मुफ्त वाईफाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके लिये फाइव जी नेटवर्क के टावर लगाये जाएंगे।
- 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत महिलाओं और दिव्यांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिये सभी श्रेणी के स्टेशनों पर महिलाओं और दिव्यांगों के लिये पर्याप्त संख्या में शौचालय बनाए जाएंगे। सड़कों को चौड़ा करके, अवांछित संरचनाओं को हटाकर, उचित रूप से डिजाइन किये गए साइनेज, पैदल मार्ग, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्र, बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाएगी। स्टेशनों पर दिव्यांगों के लिये सुविधाएँ रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
- इस योजना के तहत पुराने या बेकार भवनों का उपयोग उच्च प्राथमिकता यात्री संबंधी गतिविधियों के लिये किया जाएगा। वेटिंग रूम को छोटे-छोटे विभाजन के माध्यम से बाँटा जाएगा तथा स्टेशन पर एक्जीक्यूटिव लाउंज और छोटी व्यावसायिक बैठकों के लिये भी स्थान बनाए जाएंगे। स्टेशन यात्रियों को सुखद अनुभव कराने के लिये हरियाली तथा स्थानीय कला और सांस्कृतिक तत्त्वों से स्टेशन को सजाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-railway-stations-of-begusarai-will-be-modernized